दिनांक–12.01.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बिहार की प्रगति यात्रा से संबंधित स्वीकृत योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः–

1. मुख्य अभियंता (उत्तर/दक्षिण/सीमांचल), प०नि०वि०, पटना।
2. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना।
3. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), प०नि०वि०, पटना।
4. प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, पटना।
5. संयुक्त सचिव (प्र०को०), प०नि०वि०, पटना।
6. अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मुजफ्फरपुर, प०नि०वि०।
7. कार्यपालक अभियंता (अनुश्रवण), प०नि०वि०, पटना।

आज दिनांक–12.01.2026 को प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा **माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की समृद्धि यात्रा–2026** के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्यालय स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहें तथा सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने VC के माध्यम से बैठक में भाग लिये।

समीक्षा में दिये गये निदेश इस प्रकार हैः–

1. प्रगति यात्रा से संबंधित सभी परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जाय तथा परियोजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जल्द अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। **(अनुपालन–संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग)**
2. माननीय मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा–2026 के आलोक में पथ निर्माण विभाग, बिहार के अन्तर्गत एक whatsapp group बनाया जाय, जिसमें सभी मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता तथा मुख्यालय स्तर के सभी पदाधिकारी शामिल रहेंगें। **(अनुपालन–IT, Manager, पथ निर्माण विभाग)**
3. Whatsapp group में निम्न जानकारी को शामिल किया जाना हैः–
   i. समृद्धि यात्रा–2026 से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध करवाना अनिवार्य है।
   ii. माननीय मुख्यमंत्री जी के आगमन से संबंधित कार्य, शिल्यानास व उद्घाटन तथा कार्यारंभ से संबंधित सूचना उपलब्ध करवाना अनिवार्य है।

iii. हैलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक की सड़क की जानकारी एवं उसकी मरम्मति कराना सुनिश्चित किया जाय।

iv. जिला स्तरीय योजनाओं में पथ निर्माण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा कर Schemes का Real Time Information तथा updated write up status उपलब्ध करवाना अनिवार्य है।

v. सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की समृद्धि यात्रा के प्रस्तावित मार्ग में सम्मिलित पथों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मति कार्य विभागीय अनुमति लेकर यथाशीघ्र पूर्ण किया जाना है।

vi. अपने प्रमंडलों से संबंधित पथों के Specific issues की जानकारी संबंधित जिलाधिकारी, मुख्यालय एवं विभागाध्यक्ष को देना अनिवार्य है।

(अनुपालनः–सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०प० सहित), पथ निर्माण विभाग)

4. समृद्धि यात्रा के अन्तर्गत प्रगति यात्रा से संबंधित परियोजनाओं के उपयोगिता, आवश्यकता, महत्ता तथा पूर्व की व्यवस्था व परिवर्तित स्वरूप का उल्लेख करते हुए प्रतिवेदन तैयार कर समर्पित किया जाय। **(अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग)**

5. प्रगति यात्रा के सभी परियोजनाओं का Line diagram, Google Earth Superimpused Map तथा Real time information निरंतर PMIS पर update किया जाय। **(अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग)**

6. प्रगति यात्रा में भू–अर्जन व रक्षित वन क्षेत्र से संबंधित सभी परियोजनाओं की जानकारी व समस्याओं का प्रतिवेदन दिया जाय। **(अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग)**

7. समृद्धि यात्रा–2026 में प्रस्तावित पथों को माननीय मुख्यमंत्री के भ्रमण से 5 दिन पूर्व अपने पथों व क्षेत्र स्थल निरीक्षण करके संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे एवं आवश्यक दिशा निर्देश देना सुनिश्चित करेगें।

(अनुपालनः–अभियंता प्रमुख/सभी मुख्य अभियंता (रा०उ०प० सहित)/सभी अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल (रा०उ०प० सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल (रा०उ०प० सहित)/प्रबंध निदेशक, BRPNNL/मुख्य महाप्रबंधक, BSRDCL)।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई। ह०/–

सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–मु०अ०(अनु०)विविध–58 / 2024– 829 (E) पटना, दिनांक 03/02/2026

प्रतिलिपिः– सचिव के आप्त सचिव / अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन) के आप्त सचिव / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण) / मुख्य अभियंता (संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा) / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन / मुख्य अभियंता (योजना एवं बजट) / मुख्य अभियंता, उत्तर / दक्षिण / सीमांचल / मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ, उत्तर / दक्षिण / मुख्य अभियंता, पथ संधारण/प्रबंध निदेशक, BRPNNL/मुख्य महाप्रबंधक, BSRDCL/ मुख्य भू–अर्जन विशेषज्ञ / संयुक्त सचिव (प्र०को०)–सह–नोडल पदाधिकारी, इण्डो नेपाल / सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल (रा०उ०प० सहित), पथ निर्माण विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल (रा०उ०प० सहित) पथ निर्माण विभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)।

02.02.26

120